हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 7 जून 2025

10 वेबसाइट बाधित होने के कारण आवेदक परेशान



11 अतिक्रमण करने वालों पर पुलिस व नप प्रशासन सख्त



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**बहादुरगढ़।** दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर आसौदा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव मिला है। किसी गाड़ी की चपेट में आकर युवती की जान गई है। मृतका की उम्र करीब 20 वर्ष आंकी जा रही है। संभवतः ट्रैक क्रास करते वक्त वह चपेट में आई होगी। युवती कौन है, कहां की रहने वाली है, अभी यह पता नहीं चल सका है। उसके पास से कोई पहचान संबंधित दस्तावेज भी नहीं मिला। सूचना पाकर जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में रखवाया।

### स्टेशन परिसर में मिले शव की हुई पहचान

**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन परिसर में मृत मिले व्यक्ति की पहचान हो गई है। पहचान के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। किसी बीमारी से मौत की आशंका है। मृतक की पहचान 38 वर्षीय रिंकू के रूप में हुई है। मूलतः झांसी से था। यहां मजदूरी करता था। गत तीन जून को स्टेशन परिसर में बेसुध हालत में मिला था।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा गांव दुजाना क्षेत्र से अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर विवेक मलिक ने बताया कि पुलिस की एक टीम गांव बरहाना सांपला मार्ग पर तैनात थी। इसी दौरान एक व्यक्ति को शक की बिनाह पर पकड़ते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नवीन निवासी गांव बरहाना के तौर पर की गई है। उसे जेल भेजा गया है।

## अधिकारियों के साथ बहस के बाद युवक ने गाड़ी दौड़ाई, पुलिस ने पीछा कर पकड़ा तो थार को अंदर से लॉक कर लिया

# ब्लैक फिल्म लगी थार को पुलिस ने रोका तो हंगामा

■ उत्तर प्रदेश के नंबर की थी गाड़ी ■ पुलिस अधिकारियों ने चालान काटकर जाने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

युवाओं में धैर्य और तमीज का अभाव लगातार उन्हें मुश्किल स्थिति में डाल रहा है। ऐसा ही वाक्या शुक्रवार को बहादुरगढ़ में झज्जर रोड पर हुआ। एक ब्लैक थार में सवार युवक ने यातायात पुलिस अधिकारियों से बहस करने के बाद गाड़ी भगा दी। पुलिस ने कुछ दूर आगे गाड़ी को रुकवा लिया। लेकिन वह करीब आधा घंटा गाड़ी लॉक करके भीतर ही बैठा रहा। इसके बाद वह बाहर निकला तो पुलिस ने उसका चालान काटकर वहां से चलता किया। इस दौरान यातायात प्रभावित रहा। दरअसल, शुक्रवार को एक काले रंग की थार गाड़ी झज्जर की तरफ से बहादुरगढ़ की ओर आ रही थी। यातायात पुलिस के एसीपी दिनेश कुमार ने नूना माजरा में मंदिर के सामने कार नंबर यूपी14एफबी2626 को रुकवाया। गाड़ी में से एक युवक उतरा और दो लड़कियां गाड़ी में ही बैठी रही। चालक ने बताया कि ये उसकी बहनें हैं और वे पेपर देकर दिल्ली लौट रहे हैं। एसीपी दिनेश कुमार ने ब्लैक फिल्म लगी होने और सीट बेल्ट नहीं लगाने का कारण पूछा तो युवक ने अहंकारपूर्वक कहा कि ऑनलाइन चालान कर दो। एसीपी ने कहा कि यहां ऑनलाइन चालान काटने की व्यवस्था नहीं है, आपके कोई डॉक्यूमेंट लेकर ही चालान काटा जाएगा। उसने दिल्ली के पुलिस अधिकारियों से मोबाइल पर बात करवाने का प्रयास किया, लेकिन एसीपी दिनेश कुमार ने साफ इंकार कर दिया। आरोपी चालक डॉक्यूमेंट लेने के लिए गाड़ी की तरफ गया और उसने गाड़ी भगा दी। पुलिस ने भी उसके पीछे गाड़ी लगा दी और टाटा होम्स से कुछ दूर आगे उसकी गाड़ी को जबरन रुकवाया। गाड़ी रुकने के बाद भी थार गाड़ी में सवार युवक और युवतियां बाहर नहीं आए। करीब आधा घंटा तक युवक मोबाइल पर अन्य लोगों से बात करता रहा, लेकिन गाड़ी नहीं खोली। बाहर पुलिस के साथ ही राहगीरों की भीड़ जुट गई।

■ हंगामे के कारण रोड पर जाम लगा



**बहादुरगढ़।** थार गाड़ी के भीतर बैठे युवा और बाहर खड़ी पुलिस व राहगीर।

एक तरफ ट्रेफिक की रफ्तार थमने से जाम लग गया। थाने से महिला पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। इसके बाद वह युवक बाहर निकला और पुलिस ने ब्लैक फिल्म और सीट बेल्ट नहीं लगाने का चालान काटा। पुलिस अधिकारियों की नसीहतें सुनने और चालान कटवाने के बाद आरोपी गंतव्य की ओर चले गए। मौके पर मौजूद लोगों ने युवाओं में बढ़ती बेपरवाही और नियम तोड़ने की आदत की खूब आलोचना की।

## सड़क पर झगड़ा, फ्राइपेन मारकर युवक का सिर फोड़ा



**बहादुरगढ़।** सड़क के बीच युवकों में हो रही मारपीट।

**बहादुरगढ़।** झज्जर चुंगी पर वीरवार की रात को झगड़ा हो गया। बीच सड़क पर यहां दो पक्षों में खूब मारपीट हुई। फ्राइपेन के हमले से एक युवक का सिर फोड़ दिया गया। बाद में पुलिस दो युवकों को ले गई। जानकारी के अनुसार, यहां एक रेहड़ी पर शराब के सेवन को लेकर हुई कहासुनी के चलते यह विवाद गहरा गया। दो युवकों का यहां एक रेहड़ी वाले तथा एक होम गार्ड के साथ विवाद हुआ। वह युवक वीडियो बनाने लगा तो दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। कुछ ही देर में वहां कई युवक आ गए और सड़क के बीच जमकर लात घूसे और फ्राइपेन, करछी चले। एक युवक का सिर फट गया और बुरी तरह से लहुलूहान हो गया।

### पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ

काफी देर तक यह ड्रामा चला। बाद में पुलिस की गाड़ी मौके पर आई तो मामला शांत हुआ। पुलिस दो युवकों को अपने साथ ले गई। बेशक गलती किसी भी पक्ष की हो लेकिन यहां बढ़ती शराब पीने वालों की संख्या झगड़ों का कारण बनी है। रक्षक भी यहां से आंखें बंदकर निकल जाते हैं। खैर, झज्जर चुंगी जब से चौड़ी की गई है, अव्यवस्था तथा अतिक्रमण का शिकार हो गई है। यहां काफी रेहड़ियां लगती हैं, जिनमें से दो-तीन रेहड़ियों की आड़ में शराब पिलाई जाती है। लोग सामने स्थित ठेके से शराब लेते हैं और फिर रेहड़ियों पर जाकर पी लेते हैं। इस वजह से यहां अक्सर गाली गलौच और झगड़े होते हैं।

### एसएचओ के साथ दुर्व्यवहार करने वाले जेल भेजे

**बहादुरगढ़।** चेकिंग के दौरान पुलिस अधिकारी से दुर्व्यवहार करने व सरकारी ड्यूटी में बाधा उत्पन्न करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। दरअसल, बीती रात को शहर थाना प्रभारी दिनकर सिंह अपनी टीम सहित गश्त पर थे। यहां झज्जर मोड पर टीम ने बाइक सवार दो युवकों को रुकवाया। बाइक पर आगे, पीछे नंबर प्लेट नहीं थी। जब उन युवकों से बाइक के दस्तावेज मांगे तो वे विवाद गहरा गया। आरोप है कि युवकों ने एसएचओ तथा उनकी टीम के साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद दोनों आरोपी भागने लगे लेकिन कुछ दूरी पर वे पकड़ लिए गए। आरोपियों की पहचान आकाश और बृजेश के रूप में हुई है। दोनों सोनीपत के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ सिटी थाने में दुर्व्यवहार करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा उत्पन्न करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। शुक्रवार को दोनों आरोपी अदालत में पेश किए गए। जहां से न्यायिक हिरासत भेज दिए गए।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सोमबीर कुमार ने बताया कि गांव भूरावास निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजकुमार निवासी कैरु जिला भिवानी के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## टोल कंपनी के अकाउंटेंट पर 15 लाख गबन करने का आरोप

**बहादुरगढ़।** पंजाब के एक टोल प्लाजा पर बतौर अकाउंटेंट काम करने वाले एक शख्स पर बहादुरगढ़ में 15 लाख रुपये गबन करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के निवासी देवेंद्र चाहर ने कहा है कि वह स्काई लार्क इन्फ्रा इंजीनियरिंग कंपनी में जनरल मैनेजर है।

नरवाना-पातड़ा रोड पर पैंड गांव में उनकी कंपनी का टोल प्लाजा था। उस प्लाजा का कार्यकाल पिछले महीने 16 तारीख को खत्म हो गया था। कांट्रेक्ट खत्म होने के बाद टोल पर पिछले कुछ समय का करीब 15 लाख रुपये कलेक्शन रखा हुआ था। वह रकम कंपनी के खाते में जमा करानी थी। उनकी कंपनी का कर्मचारी भूपेंद्र उस टोल प्लजा पर अकांउटेंट कार्यरत था। उसे वह रकम गुरुग्राम में स्थित कंपनी के हेड आफिस में जमा करानी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया। इस बारे में पूछने पर संतोषजनक जवाब भी नहीं मिला। फिर उसे बातचीत के लिए रोहद स्थित टोल प्लाजा पर बुलाया गया, लेकिन वह अभी तक नहीं आया। उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। आरोपी ने विश्वासघात किया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ये आरोप कितने सही हैं, ये जांच का विषय है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने कहा कि जल्द आरोपी से पूछताछ करेंगे।


ऑस्कर ग्रुप ऑफ हॉस्पीटल्स

OSH

की 13 शहरों में अपार सफलता के बाद अब आपके शहर बहादुरगढ़ में सभी सुपर स्पैशिलिटी सेवायें जिनके लिए आपको दिल्ली, गुड़गाँव एवं रोहतक जाना पड़ता था, आपको उचित दामों पर आपके अपने शहर बहादुरगढ़ में उपलब्ध होगी।

सह-स्नेह निमन्त्रण

निदेशक, चिकित्सक एवं कर्मचारीगण

आपको अपने नवनिर्मित

ऑस्कर

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल एवं ट्रॉमा सैन्टर

के

उद्घाटन एवं सामुहिक हवन समारोह

के शुभ अवसर पर आपको सादर आमन्त्रित करते हैं।

रविवार, 08 जून 2025, प्रातः 10.00 बजे

स्थान : मैट्रो पिल्लर नं. 757, दिल्ली रोड, टिकरी बॉर्डर, बहादुरगढ़

हवन ........................................ प्रातः 10.00 बजे

प्रतिभोज .............................. दोपहर 11.00 बजे से शुरू

Mob.9992893331, 9992693331

- मेडीसन विभाग
- स्त्री रोग विभाग
- हृदय रोग एवं कैथ लैब
- हड्डी रोग विभाग
- सर्जरी एवं प्लास्टिक सर्जरी
- रेडियोलॉजी
- न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी
- नाक, कान एवं गला विभाग
- यूरोलॉजी विभाग
- ऑन्कोलॉजी (कैंसर) विभाग



सुविधाएँ

- आई.सी.यू. एवं वेंटीलेटर
- ट्रॉमा सैन्टर
- हार्ट केयर सैंटर
- सांप के काटे व जहर खाये हुए मरीजों का सफल ईलाज
- एम.आर.आई. एवं सी.टी. स्कैन
- अल्ट्रासाउण्ड एवं ई.सी.जी.
- सभी प्रकार के खून, बलगम व पेशाब की जांच

### अतिक्रमण करने वालों पर पुलिस और नप प्रशासन सख्त

# अंबेडकर चौक से हटवाया अतिक्रमण, किए चालान




झज्जर। मेन बाजार में अतिक्रमण हटवाते हुए टीम सदस्य और अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का चालान करते हुए सफाई दरोगा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगर परिषद एवं पुलिस टीम द्वारा चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को टीम द्वारा अंबेडकर चौक से मेन बाजार के नेताजी सुभाष चौक, डायमंड चौक, श्री प्राचीन हनुमान मंदिर, मां वैष्णव चौक, चौपटा बाजार से दिल्ली गेट तक का दौरा किया। इस दौरान पुलिस टीम के साथ पहुंचे नगर परिषद के कर्मचारियों ने दुकानदारों द्वारा सड़क पर किया गया अतिक्रमण हटवाया व दुकानों की निश्चित सीमा से बाहर रखा सामान अपने साथ लाई गई ट्रैक्टर-ट्राली में डाला गया। कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर लगे स्टैंडी, बैनर, होर्डिंग, कैनोपी, छतरी, तख्त, बैंच आदि सामान उठा लिया वहीं दुकानदारों द्वारा लगाई गई कपड़ों, जूतों व अन्य सामान की स्टॉल तथा दुकानों के बाहर लगी रेहड़ियों को भी हटवाया। इस दौरान कपड़े लगा रहे दुकानदारों को भी दुकान के अंदर कपड़े रखने की चेतावनी दी गई। स्टॉल व रेहड़ी लगाने वाले दुकानदारों से कहा गया कि नियमों की अवहेलना करने पर उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा। इस अभियान में ट्रैफिक इंचार्ज नरेश संधू व पुलिस टीम के अलावा नगर परिषद के सफाई दरोगा मुकेश सोनी, सुंदरलाल, मनोज, अमित व संजय के अलावा नपा सफाई कर्मचारी यूनियन इकाई के प्रधान शिवम, विकास उज्जैनवाल, गौरव सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

#### तीन दुकानदारों के चालान

सफाई दरोगा मुकेश सोनी ने बताया कि शुक्रवार को किए मेन बाजार में किए गए दौरे के दौरान अतिक्रमण करने वाले तीन दुकानदारों के चालान भी किए गए। इनमें से दो दुकानदारों के पांच-पांच सौ रुपये व एक दुकानदार का एक हजार रुपये का चालान किया गया। उन्होंने बताया कि जिन दुकानदारों के काउंटर, तख्त, बैंच, होर्डिंग आदि जब्त किए जा रहे हैं उनको जुर्माना लगाया जाता है तथा ऑनलाइन रसीद काटने के बाद उन्हें चेतावनी के साथ उनका सामान वापिस कर दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### छारा कॉलेज में योग किया और पौधे लगाए

बहादुरगढ़। छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को योग और पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ अनीता दलाल के मार्गदर्शन में एनएसएस कोर्डिनेटर मंजू मलिक द्वारा कार्यक्रम किया गया। योग सत्र और पौधरोपण में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### वैश्य कॉलेज में किया योगाभ्यास

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को योगाभ्यास कैंप का आयोजन किया गया। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग व वाईआरसी द्वारा छात्राओं को योगाभ्यास करवाया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि भारत के नेतृत्व में पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है।

### महर्षि दुर्वासा धाम पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आज

**बेरी।** क्षेत्र के गांव दूबलधन में स्थित महर्षि दुर्वासा ऋषि की तपोभूमि स्थल पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते शुक्रवार को सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली। महर्षि दुर्वासा ऋषि सेवा समिति प्रवक्ता ने बताया कि गांव में पहली बार ऐसी भव्य कलश यात्रा निकाली गई है। महर्षि दुर्वासा ऋषि को लेकर ग्रामीणों की अटूट आस्था है। तीर्थ स्थल पर सुबह 10 बजे महर्षि दुर्वासा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पौधों के पोषण और उनकी देखभाल करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज में लगे हुए औषधीय पौधों की नलाई- गुड़ाई की गई और नए पौधे लगाने के लिए गड्ढे खोदने का कार्य भी किया गया। साथ ही नीम, तुलसी और अर्जुन के पौधे भी रोपित किए गए। विद्यार्थियों ने पौधों के पोषण तथा देखभाल करने का संकल्प लिया गया। विद्यार्थियों ने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का प्रण लिया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राकेश पसरीजा ने कैडेट्स और स्वयंसेवकों को इस तरह के कार्यक्रमों के महत्व से अवगत कराया।



झज्जर। महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए विद्यार्थी।

## दुजाना राजकीय कॉलेज में शिक्षक एवं स्वयंसेवियों ने किया हर्बल पौधरोपण



झज्जर। महाविद्यालय परिसर में हर्बल पौधारोपण करते हुए शिक्षक एवं स्वयंसेवी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय अंतर राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को कहा कि योग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। योग हमारे शरीर को ही नही बल्कि मन को भी स्वस्थ रखता है। योग के कारण हम मन में होने वाले तनाव से बच पाते हैं इसलिए हमें नियमित योगाभ्यास करना चाहिए।

#### एकाग्रचित होने के लिए योग व प्राणायाम जरूरी

*इस दौरान कुमारी जन्नत राघव ने स्वयंसेवियों को योगा का स्वयं के लिए महत्व विषय से अवगत कराते कहा कि एकाग्रचित होने के लिए योग व प्राणायाम बहुत जरूरी है। मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग को उत्तम माना गया है।स्वयंसेवियों को योग का प्रशिक्षण देते हुए कुमार जन्नत राघव ने सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, कटिचक्र, भुजंगासन, मंडूकासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शलभआसन तथा भद्रासन, योग निद्रा, कपाल भाति तथा सूर्यनमस्कार करवाया। इसके उपरांत स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में हर्बल पौधों का भी रोपण भी किया गया। इस मौके पर डॉक्टर सजनी देवी, डॉक्टर संजय, डॉक्टर भाग्यश्री सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

**तैयारी** योग प्रोटोकॉल की तैयारी के लिए स्वयंसेवी संगठन अभ्यास कराएं

# योग दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा, दिए निर्देश



झज्जर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का शुक्रवार को जायजा लेते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला भर में आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम रोडवेज वर्कशाप परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने अपने विभागों से संबंधित तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस के दृष्टिगत योग प्रोटोकॉल की तैयारी के लिए सभी विभाग एवं स्वयंसेवी संगठन अभ्यास कराएं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए मिस कॉल से करें ऑनलाइन पंजीकरण

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा आगामी 21 जून को जिला व ब्लॉक स्तर पर योग दिवस मनाया जाएगा। जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे व योग दिवस के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है और अब इसमें जुड़ना और भी आसान हो गया है। नागरिक केवल एक मिस कॉल देकर भी योग दिवस के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए आयुष विभाग द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर 9501131800 पर कॉल करना है, जिसके बाद व्यक्ति का नाम रजिस्ट्रेशन सूची में स्वतः जुड़ जाएगा।



झज्जर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योगाभ्यास करते हुए नागरिक।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

बम्पर इनामी योजना-2025

नाम.......................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.......................
पता.......................तहसील.......................पिन.......................
जिला ....................... फोन नं. ....................... एजेंट का नाम .......................

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

नियम व शर्तें

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 -** 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▶▶| **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▶▶| योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▶▶| **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▶▶| फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ▶▶| राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▶▶| हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ▶▶| यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▶▶| वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▶▶| हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▶▶|किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▶▶| चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▶▶| हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ▶▶| हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▶▶| प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▶▶| पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▶▶| किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▶▶| अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▶▶| ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▶▶| विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▶▶| प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▶▶| सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

बहादुरगढ़ : हरिभूमि कार्यालय, सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर मिस्त्री की मौत


**झज्जर।** गुरुग्राम रोड पर ड्रेन नंबर आठ के नजदीक मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने के कारण मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव सूरहा निवासी करीब साठ वर्षीय रामफूल पुत्र भरत सिंह के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी प्रीतम ने बताया कि मृतक रामफूल शहर में ट्रैक्टर मिस्त्री का काम करता था। वीरवार की शाम करीब साढ़े बजे वह अपनी दुकान बंद करके मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था तो गुरुग्राम रोड पर ड्रेन नंबर आठ के नजदीक उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ने के बाद वह मोटरसाइकिल समेत संतर में जा गिरा। दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में परिजनों के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### पोर्टल पर ऑनलाइन काम सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा

# सरल पोर्टल की वेबसाइट बाधित होने के कारण आवेदकों को परेशानी

■ ऐसे में आवेदन करने वाले युवाओं की भीड़ बढ़ जाती है तथा साइट रुकने के चलते उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

झज्जर। साइबर कैफे पर एकत्रित विभिन्न आवेदन करने वाले युवा, पोर्टल पर आया एरर। फोटो :हरिभूमि

सरल पोर्टल की वेबसाइट बाधित होने के कारण सीईटी यानि संयुक्त पात्रता परीक्षा व दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन करने वाले युवाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टार कैफे संचालक प्रमोद कौशिक ने बताया कि पोर्टल पर ऑनलाइन काम सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा। ऐसे में सीईटी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं तथा कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के आवेदन अधर में ही रह जाते हैं। पोर्टल बाधित होने के कारण उन्हें वह प्रक्रिया फिर से दोहरानी पड़ती है जिससे आवेदकों को परेशानी आ रही है। युवाओं का कहना है कि आवेदन करने के बाद भी सरल पोर्टल पर अंडर प्रोसेस का एरर आ जाता है जिसके बाद फिर से आवेदन करना पड़ता है। प्रमोद कौशिक ने बताया कि देर रात को पोर्टल पर थोड़ी देर के लिए सही तरीके से चलता है और कुछ आवेदन किए भी जाते हैं लेकिन दिन के समय बीच-बीच में साइट रुकने के कारण गंभीर स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में आवेदन करने वाले युवाओं की भीड़ भी बढ़ जाती है तथा साइट रुकने के चलते उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है। जब उसने एक युवक का आवेदन लगभग कंपलीट कर दिया तो प्लीज फिल इन द फोलोइंग फील्ड्स, सेशन एक्सपायर। प्लीज लॉगआउट एंड अगेन लॉगइन का एरर आ गया। जिसके कारण जहां समय बर्बाद हो रहा है, वहीं आवेदकों को भी काफी परेशानी हो रही है।

## खबर संक्षेप

### सराय में संपन्न हुई श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा



**बहादुरगढ़।** गांव सराय औरंगाबाद में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शुक्रवार को संपन्न हो गई। कथा का महत्व, राम-कृष्ण की बाल लीलाएं सहित विभिन्न प्रेरक और धार्मिक प्रसंग कथा के दौरान सुनाए गए। अब शनिवार को हवन में पूर्णाहुति दी जाएगी और भंडारे का आयोजन होगा। गांव के सरकारी स्कूल के पास स्थित भवन में गत 31 मई को यह कथा शुरू हुई थी। ब्रजधाम से पधारे नंद किशोर महाराज ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराया।

### पौधरोपण कर योगा दिवस मनाया गया



**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस इकाई द्वारा पौधारोपण कर योगा दिवस मनाया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण का महत्व अनमोल है। कॉलेज उपप्रधान प्रेमचंद बंसल व महासचिव आशीष कुमार ने भी पौधारोपण कर हरा भरा स्वच्छ पर्यावरण बनाने का संदेश दिया। एनएसएस प्रभारी प्रवेश दहिया ने कहा कि पौधारोपण को एक सामूहिक अभियान बनाना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए।

### छबील लगाकर पिलाया राहगीरों को शरबत



**झज्जर।** डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन फॉर वूमेन में शुक्रवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में छबीली का आयोजन किया गया। कॉलेज के चेयरमैन यमन रोहिल्ला ने छबील की शुरूआत करते हुए राहगीरों में शरबत वितरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में सेवा का भाव जागृत होता है। इस दौरान छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हुए राहगीरों को शीतल एवं मीठा जल पिलाया।

### सेक्टर-2 मंदिर में चल रही भागवत कथा



**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-2 स्थित राज राजेश्वरी मंदिर में चल रही भागवत कथा में भाजपा सुशासन विभाग के जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी और मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्वामी गणेशानंद गिरी जी महाराज ने दोनों को मोर पंख देकर सम्मानित किया। साथ ही कथा सुनने से मिलने वाले पुण्य और नियम आदि के बारे में जानकारी दी। रामकंवार सैनी ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का सनातन धर्म में खास महत्व है।

### सीवर ओवरफ्लो की समस्या से लोगों को परेशानी



**बहादुरगढ़।** गंदगी की समस्या से जूझते बहादुरगढ़ शहर में सीवरों की दशा भी बेहतर नहीं है। यहां कई कॉलोनियों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या गहराई हुई है। जिस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इन दिनों फिलहाल शहर के मांडोठी बाजार में यह समस्या गहराई हुई है। यहां ओवर फ्लो होकर सीवर से गंदगी दिनभर सड़क पर बहती रहती है। सीवरेज युक्त गंदगी सड़क पर बहने से दुर्गंधभरा माहौल बना हुआ है।

### तालाबों में छोड़ी जा रही गंबूजिया मछलियां

**झज्जर।** शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला द्वारा डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए गंबूजिया मछलियों को सिलानी गांव के तालाब में छोड़ा गया। सिविल सर्जन द्वारा गांव में मीटिंग करके आम जनता से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग करने की अपील की ताकि वर्तमान सीजन में डेंगू व मलेरिया की बीमारियों पर रोकथाम लगाई जा सके। उन्होंने बताया कि पिछले साल के सभी हाई रिस्क 80 गांवों के तालाबों में गंबूजिया मछलियां छोड़ी जाएंगी।

### लापता बालक को परिजनों से मिलाया



**बहादुरगढ़।** राजकीय रेलवे पुलिस ने एक लापता बालक को उसके परिजनों से मिलवाया है। अपना बच्चा पाकर परिजनों की जान में जान आई और उन्होंने पुलिस का आभार जताया। जीआरपी प्रभारी ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का ख्याल रखें। उन्हें अकेले न छोड़े। दरअसल, बहादुरगढ़ के रेलवे स्टेशन परिसर में वीरवार को करीब 12 वर्षीय बालक नंगे पांव भटक रहा था। उस पर राजकीय रेलवे पुलिस के किसी कर्मचारी की नजर पड़ी तो संभाला गया। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना नाम जितेंद्र बताया। पूछताछ में प्रवासी मूल के इस बालक ने यह भी बताया कि उसके पिता पिंटू कुमार स्मालखां स्थित एक भट्ठे पर काम करते हैं। इसके बाद पुलिस ने बालक के परिजनों तक पहुंचने के प्रयास किए। काफी प्रयासों के बाद पुलिस बालक के पिता तक पहुंच गई। आवश्यक कार्रवाई करने के बाद जितेंद्र उसके पिता को सौंप दिया गया।

### 200 प्राथमिक अध्यापकों को किया प्रशिक्षित

**बहादुरगढ़।** निपुण मिशन के अंतर्गत फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण का पांच दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में हुए इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के 200 प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण निपुण मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### समाधान शिविर की शिकायतों की हुई साप्ताहिक समीक्षा

**झज्जर।** शुक्रवार को आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने वीसी के माध्यम से समाधान शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा की। वीसी में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए। डीसी ने जिले में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की स्थिति की विस्तृत जानकारी दी।

# सीएम से मिलकर की विकास और राजनीति पर चर्चा

■ पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, भाजपा नेता दिनेश कौशिक व चेयरपर्सन सरोज राठी मुख्यमंत्री से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सीएम से मुलाकात करते दिनेश कौशिक, सरोज राठी व राजपाल जांगड़ा। फोटो :हरिभूमि

शुक्रवार को भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक, नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी व पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा ने दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। दिनेश कौशिक ने क्षेत्र के विकास कार्यों के कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सीएम के समक्ष रखें। साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की।

दिनेश कौशिक और सरोज राठी ने बहादुरगढ़ में विकास कार्यों व परियोजनाओं पर चल रहे काम की जानकारी सीएम नायब सैनी को दी। दिनेश कौशिक के अनुसार मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि बहादुरगढ़ क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। तीन जनवरी को हुई माता सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह में रखी गई मांगों को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिकतर मांगे पूरी हो चुकी हैं, शेष कार्यों की फिजिबिलिटी चैक होने के बाद उन्हें भी करवा दिया जाएगा।

दिनेश कौशिक ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री से बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में रैली के लिए समय देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी की जनहित की सोच की विरोधी भी प्रशंसा कर रहे हैं। मुलाकात के दौरान राजनीति समेत अनेक विषयों पर चर्चा हुई है। इस मौके पर राजपाल जांगड़ा, कर्मवीर राठी, रमेश राठी, संजय सैनी, शेखर कौशिक, राम अहलावत व मुकेश कौशिक भी मौजूद रहे।

### सौंदर्यकरण के लिए शिफ्ट किए ट्रांसफार्मर व खंभे



**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-2 मोड़ पर प्रस्तावित सौंदर्यकरण की दिशा में एक कदम बढ़ गया है। इस कड़ी में बिजली निगम द्वारा ट्रांसफॉर्मर व बिजली का खंभा शिफ्ट कर दिया गया। पार्षद बलराम दलाल ने इसके लिए बिजली निगम अधिकारियों का आभार जताया है। वार्ड नंबर-26 के पार्षद बलराम दलाल ने बताया कि करीब दो साल पहले सेक्टर-2 मोड़ पर अवैध कब्जे हटवाए गए थे। उन्होंने यहां महाराजा सूरजमल तिरंगा चौक बनवाने का संकल्प लिया था। अब जल्द ही सेक्टर-2 मोड़ पर महाराजा सूरजमल तिरंगा चौक बनाने के लिए नगर परिषद के माध्यम से एस्टीमेट बनवाकर टेंडर लगवाया जाएगा।

# एचडी लाइन से किसानों के लिए मुआवजा पॉलिसी की लागू



झज्जर। नई पॉलिसी को लेकर डीसी से मुलाकात करने पहुंचे किसान।

■ भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधियों ने डीसी से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रदेश सरकार द्वारा बीती दो जून को एचटी लाइन से पीड़ित किसानों के लिए दोबारा मुआवजा पॉलिसी लागू की है। इसी संबंध में भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधियों ने डीसी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जिले के विभिन्न गांवों के आंदोलनरत किसानों ने मार्केट रेट कमेटी जल्द तय करने के लिए अपनी बात रखी। इस दौरान रतन यादव, राकेश सरपंच, रमेश जाखड़, रामरूप यादव, संदीप दलाल, कमल, जिले सिंह, ढीलू, पवन, सतबीर, कृष्ण सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# हड़ताल के चलते लगे गंदगी के ढेरों से बीमारियां फैलने का डर

■ हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर धरनारत कर्मचारी।

वेतन की मांग को लेकर अनुबंधित सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लगातार चौथे दिन जारी रही। इस हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जगह-जगह कचरे को जलाया जा रहा है। गंदगी के कारण बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार के अधीन कार्यरत ये कर्मचारी तीन महीने का बकाया वेतन देने की मांग उठा रहे हैं। इस वजह से इन्होंने तीन जून को हड़ताल शुरू की थी। शुक्रवार को हड़ताल चौथे दिन प्रवेश कर गई। नगर परिषद के गेट पर धरना देकर कर्मचारियों ने नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि हम सिर्फ अपना मेहनताना मांग रहे हैं। न तो जन प्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न ही कोई अधिकारी हमारी समस्या का समाधान कर रहा। वेतन न मिलने के कारण हम गरीब कर्मचारियों के लिए अपने बच्चों का पोषण करना मुश्किल हो गया है। ऐसी स्थिति में हम कैसे काम करें और अपना परिवार का पोषण करें। इस बार हम आश्वासन पर नहीं मानेंगे। वेतन मिलने के बाद ही काम पर लौटेंगे। वहीं, इस हड़ताल के चलते अब आमजन भी बेहद परेशान हैं। शहर की तमाम सड़कों, गलियों, चौराहों पर गंदगी के ढेर लगे हैं। गंदगी से उठने वाली दुर्गंध लोगों को परेशान कर रही है। बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। इससे छुटकारा पाने के लिए अब लोग कचरे को आग के हवाले कर रहे हैं। जिससे वायु प्रदूषण फैल रहा है और धुएं के कारण राहगीरों को भी दिक्कतें उठानी पड़ती है। शुक्रवार को भी बहादुरगढ़ में मेन बाजार, झज्जर रोड सहित अन्य जगहों पर कूड़ा जलता देखा गया। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार स्वच्छता का दम भर रही है और दूसरी तरफ गंदगी के ढेर बीमारियों को न्यौता दे रहे हैं।

# संस्कारम शिक्षा गौरव समारोह कल

■ मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष सम्मान एवं छात्रवृत्ति का लाभ

**झज्जर।** संस्कारम विश्वविद्यालय द्वारा रविवार को संस्कारम शिक्षा गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह के दौरान बारहवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि यह आयोजन प्रातः 10:00 बजे से बीएसम स्कूल बहादुरगढ, सनातन धर्मशाला सोनीपत, यादव धर्मशाला रेवाड़ी व स्काईलार्क टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स पानीपत में आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। यह समारोह उन विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए आयोजित किया जा रहा है जिन्होंने एचबीएसई, आईसीएसई, एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं। चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि संस्कारम विश्वविद्यालय में वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुसार सभी प्रमुख शैक्षणिक संकाय संचालित हैं, जिनमें इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी, प्रबंधन एवं वाणिज्य, विधि एवं विधिक अध्ययन, स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान, कृषि, पशु चिकित्सा विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, मानविकी, हॉस्पिटैलिटी, कौशल विकास इत्यादि प्रमुख हैं। विश्वविद्यालय आधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुभवी फैकल्टी, तकनीकी संसाधनों एवं अनुशासित वातावरण के साथ विद्यार्थियों को एक सर्वांगीण विकास का मंच प्रदान कर रहा है।



### एकादशी पर सेक्टर-2 में लगाई छबील

**बहादुरगढ़।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने सेक्टर-2 स्थित कार्यालय के बाहर निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा व मीठा जल पिलाया। छबील में जल सेवा करते हुए नवीन बंटी ने कहा कि निर्जला एकादशी पर पानी पिलाने का विशेष महत्व है। बढ़ती गर्मी के मौसम में राहगीरों को पानी बेहद पुनीत कार्य है। छबील में सतीश प्रधान, सुखबीर सोलधा, अंश दराल, दिनेश, हिमांशु अहलावत, आकाश, कृष्ण सहरावत, आकाश भारद्वाज, साहिल राठी, अमित व मनीष आदि ने जल वितरण का सेवा कार्य किया।

### यह उत्साह शहर के साथ-साथ गांवों में भी देखने को मिला

# छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

■ कुछ स्थानों पर छबील लगाने वाले लोगों द्वारा डस्टबिन की व्यवस्था भी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। श्री श्याम अखंड ज्योति मंदिर के बाहर राहगीरों को शर्बत पिलाते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

शुक्रवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने शहर में जगह-जगह छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। छबील लगाने का यह उत्साह शहर के साथ-साथ गांवों में भी देखने को मिला। शहर के अंबेडकर चौक, पुराना बस स्टैंड के सामने, छिक्कारा चौक, श्रीश्याम अखंड ज्योति मंदिर, सिलानी गेट, पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भट्टी गेट, लघु सचिवालय परिसर आदि स्थानों पर छबील लगाकर राहगीरों को शीतल पेय पिलाया गया। हालांकि इस दौरान उपयोग में लाए डिस्पोजेबल ग्लासों के चलते राहगीर शर्बत पीने के बाद राहगीर उसे जमीन पर गिरा कर चलते दिखाई दिए। कुछ स्थानों पर छबील लगाने वाले लोगों द्वारा डस्टबिन की व्यवस्था भी गई थी। लोगों का कहना है कि पहले के समय में प्लास्टिक या स्टील के ऐसे ग्लासों का प्रयोग किया जाता था जिन्हें साफ करके फिर से उपयोग में ले लिया जाए। अब बदलते परिवेश के साथ उन ग्लासों का स्थान डिस्पोजेबल ग्लासों ने ले लिया है। ये ग्लास इतने हल्के हैं कि यदि इनमें पेय पदार्थ डालते समय भी हवा का झौंका आ जाए तो ये गिर सकते हैं।

# मास्टर सुखबीर तीसरी बार बने जिलाध्यक्ष



बहादुरगढ़। मास्टर सुखबीर सरोहा को बधाई देते इनेलो पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मास्टर सुखबीर सरोहा को तीसरी बार इनेलो अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का झज्जर जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर पहलवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी सहित पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं का आभार जताया है।

मास्टर सुखबीर सरोहा ने कहा कि इनेलो द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेवारी वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे। शुक्रवार को इनेलो कार्यालय में उनका जोरदार स्वागत किया गया। मास्टर सुखबीर सरोहा ने शीला नफे सिंह राठी को फूलों का गुलदस्ता देकर आभार प्रकट किया। शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि सभी पदाधिकारी इनेलो की नीतियों का प्रचार करें और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें। इस अवसर पर इनेलो शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी, कंवल सिंह यादव, बलबीर सांगवान, राज सिंह वर्मा, सोनू सैनी, ईश्वर छिल्लर, बलजीत दलाल, एडवोकेट विपिन प्रधान, सूरजमल दलाल, हंसे ठेकेदार, देवराज गंभीर, शिवचरण, प्रवीण मेहरा, रिंकू आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, हरिश कुमार पुत्र श्री दयानन्द निवासी गांव नूना माजरा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सागर मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सतबीर सिंह उर्फ सत्यवीर सिंह पुत्र श्री सम्मत सिंह पुत्र मंशाराम निवासी गांव ईमलोटा, तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरी पुत्रवधू सीमा पत्नी स्वर्गीय प्रदीप कुमार व पौत्र मानव कलकल दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अथवा अनैतिक कार्य की भी मेरी कोई जिम्मेवारी न होगी।

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

ROHTAK
DIGHAL
SAMPLA
GOHANA
JHAJJAR
BAHADURGARH

## Summer Sale

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
OR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1LTR FREE

UPTO 80% OFF OFF

7 JUNE TO 13 JUNE *T & C APPLY

## WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।

- HURRICANE ENERGY DRINK FREE – BUY 1 GET 2
- FIR DIET SHARBAT FREE – BUY 1 GET 1
- CLEAR WATER FREE – BUY 1 GET 2
- DEL MONTE 240ML MRP ₹60 FREE – BUY 2 GET 1
- FRESCA 1LTR FREE – BUY 1 GET 3
- TENDER COCONUT WATER FREE – BUY 1 GET 2
- REAL JUICE 1 LTR BEST PRICE – UPTO 25% OFF
- Vadilal – 20% TO 56% OFF ON MRP
- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR – @79
- HAMDARD ROOHAFZA 750 ML BEST PRICE MRP ₹180 – @155
- RED BULL BEST PRICE MRP ₹125 – @95
- PATANJALI ROOHAFZA BEST PRICE MRP ₹140 – @99
- HITKARI SHARBAT BEST PRICE – 20% OFF
- YUVAUD SHARBAT FREE – BUY 1 GET 1
- DEL MONTE KETCHUP 900G BEST PRICE – 40% OFF
- TATA TEA PREMIUM 1KG BEST PRICE 1KG ₹580 – @365
- TREEVEDA SELECTED VARIANTS VERMICELLI, PASTA, MACRONI – BUY 1 GET 1 FREE
- PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! – BUY 1 GET 1 FREE
- GM POHA 500 GM – BUY 1 GET 1 FREE
- BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 – OUR PRICE ₹159
- FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹190 – OUR PRICE ₹155
- MILK FOOD GHEE 1 LTR MRP ₹580 – OUR PRICE ₹495
- AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 – OUR PRICE ₹579
- Arshirvaad atta 10kg ₹495 – OUR PRICE ₹439
- RAJDHANI ATTA 10 KG ₹599 – OUR PRICE ₹375
- Fortune atta 10kg ₹485 – OUR PRICE ₹425
- DAAWAT ROZANA NIKI 10KG ₹545 – OUR PRICE ₹460
- INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹550 – OUR PRICE ₹428
- HALDIRAM'S ALL RANGE – 12.5% OFF ON MRP
- BRITANNIA Treat WAFFRS 55GM – 50% OFF ON MRP
- ORION Choco Pie – BUY 1 GET 1 FREE

### WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- CHANA DAAL 1KG – OUR PRICE ₹79
- MOONG DHULI 1KG – OUR PRICE ₹115
- KALA CHANA 1KG – OUR PRICE ₹76
- MALKA LAL DAAL 1KG – OUR PRICE ₹87
- BADAM 1KG – OUR PRICE ₹885
- KISMISH 1KG – OUR PRICE ₹350
- PATANJALI SALT – BUY 1 GET 1 FREE
- VRINDAWAN MAKHANA ₹400 – OUR PRICE ₹325

- Arlel Complete Detergent 4KG – BUY1 GET 1 FREE
- SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG – 1199
- SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG – ₹1225
- Giffy Liquid Dish Wash Gel 2L – 25% OFF
- TIDE 9KG LAVENDER – ₹799
- WIPRO SAFE WASH 1LTR WITHOUT OFFER – BUY1 GET 2 FREE
- TRISHUL PHENYLE 5 LTR – 50% OFF
- surf excel easy wash 7 kg MRP ₹1030 – ₹685
- ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR – OUR PRICE ₹650
- ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L TOP LOAD MRP ₹1425 – ₹230 OFF
- ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L FRONT LOAD MRP ₹1549 – ₹250 OFF
- TIDE ROSE & JASMINE TIDE 6 KG ₹785 – OUR PRICE ₹685
- HELIOS PRODUCTS SHOE CARE – 25% OFF
- GALA SELECTED – 20% OFF

**Bahadurgarh Address:** Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
**Contact:** +91-9992296899

**Jhajjar Address:** Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
**Contact:** +91-8750187531

**Dighal Address:** Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
**Contact:** +91-7419202127

OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

**TERMS & CONDITION :**

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA,SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.

FOLLOW US ON : elenta_mart elenta mart